दिन—शनिवार दिनांक— 07 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। संपादक— कृष्ण कुमार लाल
अवधिः— 15 मिनट टंकक— गोपाल कुमार

---

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने दरभंगा और मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का किया उद्घाटन। कहा—इस अस्पताल में लोगों को विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

02. राज्य सरकार ने ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किये। अब ड्रोन उड़ाने के लिए निबंधन कराना और लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में पितृपक्ष मेले को लेकर समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।

04. और, देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज दरभंगा और मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। लहेरियासराय स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर मे बना अस्पताल दो सौ दस बेड और मुजफ्फरपुर के श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज अस्पताल परिसर में बना अस्पताल दो सौ बीस बेड की क्षमता वाला है। यहाँ अत्याधुनिक इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम में श्री नड्डा ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में लोगों को विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल बदलते दरभंगा की पहचान बनेगा।

———बाईट———

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दरभंगा के एकमी शोभन में प्रस्तावित एम्स का स्थल निरीक्षण भी किया। इससे पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पटना मेडिकल अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसे विश्व के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। केंद्र सरकार सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं से युक्त पांच

हजार चार सौ बिस्तरों वाले अस्पताल के विकास के लिए बिहार को सहायता प्रदान कर रही है।

———————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा है कि भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यहाँ एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है। श्री नड्डा आज पटना के खाजेकलां में पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य देशभर में दस करोड़ सदस्य बनाना है। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा किसी जाति, धर्म या विशेष समुदाय की पार्टी नहीं है बल्कि सबकी और पूरे समाज की पार्टी है।

———बाईट———

इस अवसर पर श्री नड्डा ने कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इससे पहले श्री नड्डा ने पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहेब में मत्था टेका।

———————————————————————

राज्य सरकार ने ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि ड्रोन उड़ाने के लिए निबंधन और लाइसेंस अनिवार्य होगा। साथ ही रेड, येलो और ग्रीन जोन में ड्रोन उड़ाने के लिए अलग–अगल नियम होंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर ड्रोन को मार गिराया जा सकता है और संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में पितृपक्ष मेला महासंगम दो हजार चौबीस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने कॉल सेंटर और मोबाइल एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। श्री कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश–विदेश से बड़ी

संख्या में लोग अपने पूर्वजों का पिण्डदान करने गया आते हैं। एसे में उनकी सुविधा को लेकर व्यापक और बेहतर तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेले में आने वाले दिव्यांग जन और वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने शौचालय और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने को भी निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गया में विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ और एकीकृत जल निकासी कार्य का लोकार्पण किया।

———————————————————————

बिहार रियल ईस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी के अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा है कि देश में पहली बार बिहार में बिल्डरों और उनके प्रोजेक्ट की ग्रेडिंग की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि इससे फ्लैट खरीदने वालों को आसानी होगी।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया है। उनपर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ लेने का आरोप था। यूपीएससी ने अपनी जांच में आरोप को सही पाया, जिसके बाद पूजा खेडकर की सेवा समाप्त कर दी गई।

———————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के अधिकारी नैयर हसनैन खान केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। वे एसएसबी के आईजी बनाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नैयर हसनैन खान वर्तमान में आर्थिक अपराध इकाई के साथ–साथ स्पेशल विजिलेंस यूनिट के अपर पुलिस महानिदेशक हैं।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से अस्सी नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे अधिक अड़तीस मरीज पटना से हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार छह मामले सामने आ चुके हैं। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

————————————————————————

राज्य में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—मध्य और दक्षिणी हिस्सों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। नवादा के पकरीबरावां में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

———बाईट———

————————————————————————

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान कई जगह मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने 5जी मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर फर्जी वेबसाइट के खिलाफ चेतावनी दी है। यह फर्जी वेबसाइट बीएसएनएल के नाम पर लोगों के व्यक्तिगत ब्यौरों की मांग कर रही है। तथ्य जांच इकाई ने बताया कि फर्जी वेबसाइट बीएसएनएल टावर इंडिया डॉट कॉम लोगों से 5जी टावर लगवाने के नाम पर प्रार्थना पत्र मंगवा रही है। पीआईबी ने पाया कि यह बीएसएनएल से जुडी नही है और इकाई ने ऐसे संदिग्ध वेबसाइट के खिलाफ अगाह किया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इस महीने की पन्द्रह तारीख है। ये पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इस साल छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी।

———————————————————————

पेरिस पैरालम्पिक खेलों में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल सत्ताईस पदक जीते हैं। इनमें छह स्वर्ण, नौ रजत और बारह कांस्य पदक शामिल हैं। खेलों के अंतिम दो दिनों में भारतीय खिलाडी पदकों की संख्या तीस तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। श्री सिंह ने अधिकारियों को जन समस्याओं के तत्काल निराकरण का निर्देश दिया।

———————————————————————

बिहार एसटीएफ की टीम ने उत्तराखंड के ऋषिकेश से कुख्यात बालू माफिया और दो लाख रूपये के ईनामी अपराधी रंजीत चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————————

बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर टोल प्लाजा के पुलिस ने पास जाली नोट के कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से दो लाख सात हजार रूपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए।

———————————————————————————————

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने दरभंगा और मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का किया उद्घाटन। कहा—इस अस्पताल में लोगों को विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

02. राज्य सरकार ने ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किये। अब ड्रोन उड़ाने के लिए निबंधन कराना और लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में पितृपक्ष मेले को लेकर समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।

04. और, देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————————————

समाप्त